4. राजमार्ग खंड पर बहुयात्राओं हेतु पास निम्नलिखित दरों पर प्रदान किया जायेगा अर्थात् :--

| संदेय रकम | अनुज्ञात एकतरफा यात्राओं की अधिकतम संख्या | विधिमान्यता की अवधि |
|---|---|---|
| एकतरफा यात्रा के लिए फीस का डेढ़ गुना | दो | संदाय के समय से चौबीस घंटे |
| पचास एकल यात्राओं के लिए संदेय फीस की रकम का दो तिहाई | पचास | संदाय की तारीख से एक मास |

5. जिस जिले में फीस प्लाजा पड़ता है उस जिले में रजिस्ट्रीकृत यान (राष्ट्रीय परमिट के अधीन चल रहे वाहनों को छोड़कर) के लिए फीस उस प्रवर्ग के यान के लिए निर्धारित शुल्क का 50 प्रतिशत होगा परंतु ऐसे वाणिज्यिक यानों के उपयोग के लिए कोई सर्विस रोड अथवा वैकल्पिक रोड उपलब्ध न हो ।

6. जो यांत्रिक यान , नियमों के अधीन अपने प्रवर्ग के लिए विनिर्दिष्ट अनुज्ञेय भार की अपेक्षा अधिक भार से लदे हुए होंगे उन्हें उन दरों पर फीस का संदाय करना होगा जो उनसे अगली उच्च प्रवर्ग के यानों के लिए लागू होता है और उन्हें तब तक राजमार्ग खण्ड का उपयोग करने का अधिकार नहीं होगा जब तक कि ऐसे यांत्रिक यान से अधिक भार को हटा न दिया जाए ।

7. यांत्रिक यानों के प्रवर्ग, उनके लिए अनुज्ञेय भार, छूटप्राप्त यानों के प्रवर्ग, सर्विस रोड, वैकल्पिक सड़क आदि सहित सभी परिभाषाएं नियमों में विनिर्दिष्ट परिभाषाओं के अनुसार होंगी ।

8. उक्त नियमों के नियम 12 के अनुसार, उपयोक्ताओं की जानकारी के लिए फीस की दरों को दर्शित किया जाएगा ।

9. उक्त नियमों के नियम 5 के अनुसार, फीस की दरें वार्षिक रूप से पुनरीक्षत की जाएगी।

10. परियोजना की प्राक्कलित पूंजीगत लागत 419.15 करोड़ रूपए है । प्राधिकरण द्वारा उपयोक्ताओं से वसूल किए गए फीस के माध्यम से पूंजीगत लागत की वसूली का अभिलेख रखा जाएगा और पूंजीगत लागत की वसूली हो जाने के बाद लगाए गए फीस की दरों को घटाकर 40 प्रतिशत कर दिया जाएगा और उक्त नियमों के अनुसार इनका वार्षिक रूप से पुनरीक्षण किया जाएगा ।

[फा. सं. भाराराप्रा/13013/18/11 12/सीओ/जीसी धनबाद (320-398)]

बी. बी. मोहपात्रा, निदेशक

**टिप्पण** :- यह भारत सरकार के तत्कालीन पोत परिवहन , सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय (सड़क परिवहन और राजमार्ग विभाग ) की अधिसूचना संख्यांक का.आ 2794 (अ), तारीख 16 नवम्बर 2010 को, उन बातों के सिवाय अधिक्रांत करते हुए है जिन्हें ऐसे अधिक्रमण से पहले किया गया है या करने का लोप किया गया है ।

